

दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना नामुमकिन P10

# देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में प्रकाशित हिंदी दैनिक

www.deshrojana.com

बेबाक सच



कमला कन्नी: केरल की टॉपर दादी P12

वर्ष : 2 | अंक : 145 | मूल्य : 4 रुपये | पृष्ठ : 12 | पलवल | आरएनआई नंबर HARHIN/2021/81380 | शुक्रवार | 12 मई 2023


## मेगा जॉब फेयर में 30 से अधिक कंपनियों ने की शिरकत

**देश रोजाना, बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज के सेंटर फॉर करियर काउंसलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। जॉब फेयर का आयोजन देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, अग्रवाल कॉलेज व प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में किया गया था। जॉब फेयर का आयोजन डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी विंग 111 व निदेशक सेंटर फॉर करियर काउंसलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एवं संयोजिका डॉ. शिल्पा गोयल, डीन, प्रबंधन विभाग के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस जॉब फेयर का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार देना था। इस मेला में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों तरह की नौकरियों के अवसर दिए गए। इस जॉब फेयर में 30 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। सभी ने छात्रों का साक्षात्कार किया व नौकरी के अवसर प्रदान किए। रोजगार मेला यूजी और पीजी के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस रोजगार मेले की तैयारी कुछ दिन पूर्व ही शुरू हो गयी थी। छात्रों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कराया। इस मेले का आयोजन सुबह11:00 बजे से किया गया। छात्रों के लिए ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई। जॉब मेले में छात्रों को एक लाख से 3.50 लाख रुपए तक के जॉब ऑफर हुए थे। इस मेले में लगभग 350 छात्रों ने पंजीकरण कराया था जिनमें से 290 छात्रों को विभिन्न कंपनियों ने अलग अलग पदों पर चयनित किया।